प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 20.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न : शाम पांच बजे तक 49 प्रतिशत से अधिक हुआ मतदान।
2. मतदान करने से रोके जाने की घटनाओं का चुनाव आयोग ने लिया संज्ञान : नियमों का पालन न करने के आरोप में 5 पुलिसकर्मी निलंबित।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या में सुग्रीव किला पर राजगोपुरम द्वार का किया उद्‌घाटन : कहा– अयोध्या से दुनियाभर के लिये हवाई सेवाओं का होगा विस्तार।

और

4. प्रदेश में कोहरे और ठंड ने दी दस्तक : पश्चिमी विक्षोम के चलते प्रयागराज, लखनऊ और बरेली मंडलों मं दिन के तापमान में दर्ज की गई गिरावट।

—————————

प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए मतदान आज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। शाम 5 बजे तक 9 सीटों पर 49 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। सबसे ज्यादा मतदान मुरादाबाद की कुंदरकी विधानसभा सीट पर 57.32 फीसदी हुआ, जबकि सबसे कम गाजियाबाद

सीट पर 33.30 फीसदी मतदान हुआ। वहीं मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट पर 57.02 प्रतिशत, अलीगढ़ की खैर सीट पर 46.35 फीसदी, मैनपुरी की करहल विधान सभा सीट पर 53. 92 प्रतिशत, कानपुरनगर की सीसामऊ सीट पर 49.03 फीसदी, प्रयागराज की फूलपुर सीट पर 43.43 प्रतिशत, अंबेडकरनगर के कटेहरी सीट पर 56.69 फीसदी और मिर्जापुर के मझवा में 50.41 फीसदी मतदान हुआ।

चुनाव के दौरान कहीं से भी बड़ी हिंसा की खबर सामने नहीं आई हालांकि मुजफ्फरनगर में मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के गांव ककरोली में पथराव की घटना सामने आई लेकिन प्रशासन द्वारा स्थिति पर नियत्रंण पा लिया गया। कुछ स्थानों पर मतदाताओं ने पुलिस कर्मियों द्वारा आईडी कार्ड चेक किये जाने और मतदान से रोके जाने का आरोप लगाया, जिसके बाद चुनाव आयोग ने ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किये।

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि घटनाओं का संज्ञान लेते हुए पांच पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। बाइट.....

*शिकायतें हमारे पास आती हैं, उन सारी शिकायतों को हम गंभीरता से लेते हैं और उस पर तत्परता से जांच करवातें हैं और जांच में अगर कोई दोषी पाया जाता है तो कार्रवाई क्यों करते हैं, जहाँ तक आज के उपचुनाव के संबंध में आज टोटल पांच अधिकारी सस्पेंड हो चूके हैं। ऑलरेडी पुलिस विभाग के कारण कानपुर में दो, मुजफ्फरनगर में दो और एक मुरादाबाद।*

प्रदेश में नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिये कुल 90 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इनमें 11 महिलाएं शामिल है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*प्रदेश में 9 विधानसभा सीटों पर आज हुआ उपचुनाव का मतदान सत्ता पक्ष और विपक्ष के लिए साख का सवाल हैं। इस उपचुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद प्रचार की कमान संभाल रखी थी। वहीं आज मतदान के दौरान सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पुलिस द्वारा मतदाताओं की जांच करने और मतदाताओं को वोट डालने से रोकने के आरोप लगाये, जिसका संज्ञान लेते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव अधिकारियों को निष्पक्ष और सुचारू मतदान प्रक्रिया सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। आज जिन 9 सीटों पर वोट डाले गये, पिछले विधानसभा चुनाव में इनमें से चार समाजवादी पार्टी के कब्जे में थी, जबकि तीन सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार जीते थे एक–एक सीट निषाद पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल ने जीती थी। इन सीटों पर मतगणना 23 नवंबर को होगी। सुशील चन्द्र तिवारी, आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अयोध्या में सुग्रीव किला पर राजगोपुरम द्वार का उद्घाटन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने हनुमान गढ़ी और श्री रामलला मंदिर में दर्शन–पूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्ग दर्शन में सबके प्रयासों से सैंकड़ों साल बाद राम मंदिर का निर्माण संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अयोध्या से दुनियाभर में हवाई सेवा का विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि अयोध्या दिव्य और भव्य रूप ले रही है। बाइट.....

*अहोभाग्य है कि जीस कार्य के लिए पीढ़ियां समर्पित हो करके अपने आप को बलिदान कर दी उस कार्य को हम अपनी आँखों से देख रहे हैं अपने सामने मूर्त रूप होते हुए उसको देख रहे हैं। अयोध्या एक भव्य स्वरूप ले रही है। आज की अयोध्या में न केवल धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण है।बल्कि अयोध्या अब दुनिया की सुन्दरतम नगरी के रूप में अपने आप को स्थापित कर रही है।*

——————————

केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफ़ेसर एसपी सिंह बघेल की अध्यक्षता में आज आगरा में  ताजे पानी की प्रॉन्स, पंगेसियस फिश के व्यावसायिक उत्पादन, मछलियों के निर्यात के लिए बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में थाईलैंड से आये प्रतिनिधिमंडल के साथ विभिन्न विषयों पर सहमति बनी। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि सांस्कृतिक रूप से निषाद, मछुआ समाज मत्स्य उत्पादन में विशेषज्ञता रखता है, इसलिए इस कार्य योजना में उनको वरीयता दी जायेगी।

——————————

बीते 15 नवंबर  की रात झांसी के लक्ष्मी बाई मेडिकल कॉलेज के स्पेशल न्यू बोर्न केयर यूनिट में आग लगने से 12 नवजातों की मौत के मामले में चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक डॉ. किंजल सिंह की अध्यक्षता में गठित चार सदस्यीय टीम ने कल रात जांच पूरी कर ली। टीम की अध्यक्षता कर रही किंजल सिंह ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी। इस संदर्भ में विस्तृत जांच की गई है।

उन्होंने बताया कि जांच रिपोर्ट शासन को सौंपी जाएगी और शासन स्तर से ही कार्रवाई होगी।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

अन्तर्राष्ट्रीय बाल दिवस पर आज राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित होटल ताज में समागम समिट 2024 का हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। उन्होंने बाल संरक्षण और बाल विकास के मुद्दे पर प्रकाश डाला और कहा कि हम सभी को मिल जुल कर एक ऐसी दुनिया बनानी होगी, जहां वंचित समाज के बच्चे भी स्वतंत्र होकर सपने देख सकें। प्रदेश सरकार के खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने भी वर्चुअल माध्यम से खेलों में वंचित बच्चों की प्रतिभागिता को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि पीपीपी मॉडल पर खेल मैदानों के विकास के लिए लोगों को आगे आना होगा।

समिट मं पहुंची। प्रदेश सरकार की ग्रामीण विकास राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम और केंद्र सरकार के पूर्व मंत्री कौशल किशोर ने बच्चों के उत्थान के लिए प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयासों के बारे में जानकारी दी।

———————

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ए. के. वर्मा ने आज बताया कि भारतीय रेल की तरफ से प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ के लिए विशेष तैयारी की गई है। इसी क्रम में उत्तर रेलवे की तरफ से रेलवे ट्रैक के मेंटेनेंस के साथ–साथ अतिरिक्त रेल गाड़ियों के संचालन को भी गति प्रदान करने का काम किया जाएगा। बाइट........

*प्रयाग में जो स्टेशन एरिया में जो हम लोग हैंडल करते हैं, उस उत्तर रेलवे में हम 3700 करीब आर पी ऐफ़ और कमर्शियल स्टाफ लगा रहे हैं और उसके अलावा नॉर्थेर्न रेलवे बहुत बड़े नॉर्थेर्न रेलवे की तैयारी कर रहा है, क्योंकि सबसे ज्यादा पैसेंजर जंक्शन पे आते हैं तो हम तीनों जो ज़ोन है उनके मिलके रेगुलर मीटिंग होती है। पिछले हफ्ते भी हम तीनों जनरल मैनेजर के लिए मीटिंग हुई थी। डी आर एम और जनरल मैनेजर एन सीआर। हम लोग और जो मेला अधिकारी है, इनके बीच में रेगुलर वार्ता होती रहती है।*

———————

प्रदेश में कोहरे और ठंड ने दस्तक देनी शुरु कर दी है। कोहरे की वजह से बीते 24 घंटे के दौरान कानपुर एयरपोर्ट पर दृश्यता शून्य हो गई। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों के दौरान रात्रि के तापमान में लखनऊ और बरेली मंडलो में काफी गिरावट देखी गई।

वहीं प्रयागराज, लखनऊ और बरेली मंडलों मं कल दिन के तापमान में काफी गिरावट हुई। लखनऊ मौसम केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने आकाशवाणी से बातचीत में बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते प्रदेश में तापमान में गिरावट हुई है। बाइट.....

*उत्तर पश्चिमी भारत में ऊपरी क्षोभमंडल के ऊपर 180 से 185 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चल रही तेजवृष्टि हवाओं तथा अभी अभी गुजरे पश्चिमी विक्षोभ के पश्चिम भाग में उत्तर एवं उत्तर पश्चिमी दिशा से आ रही ठंडी एवं सुस्त हवाओं के प्रभाव से पिछले 24 घंटों के दौरान।अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में प्रभावी गिरावट दर्ज की गई, जिसके कारण प्रदेश के ज्यादातर स्थानों पर तापमान सामान्य अथवा सामान्य से नीचे चले गए।*

मौसम विभाग के मुताबिक कल राज्य के कई इलाकों में सुबह हल्क से मध्यम कोहरा छाने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज देर रात पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं कल सुबह और देर रात के लिए पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।

———————

पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से 'देखो अपना देश पीपल्स चॉइस 2024' अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 25 नवंबर तक लोग ऑनलाइन फार्म भर कर अपने पसंदीदा पर्यटन आकर्षण को बता सकते हैं। सभी जिलों के प्रमुख स्थलों पर सेल्फी प्वाइंट भी बनाए जाएंगे। लोग पोर्टल पर डिटेल भरने के बाद

अपनी फोटो, रील्स आदि अपलोड कर सकेंगे। इसके लिए क्यू आर कोड बनाया गया है। महाभियान में सबसे अधिक योगदान देने वाले आकर्षक उपहार पाएंगे। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज दी।

(समाप्त)